Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding hike in prices and shortage of fertilizers in Punjab.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): महोदय, मैं आज डीएपी और यूरिया खादों की बढ़ती कीमतें और उसके अभाव तथा कमी के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । पंजाब में गेहूं, आलू, सरसों तथा सब्जियों की बुआई चल रही है लेकिन खाद की बहुत ज्यादा कमी है । यदि खाद मिल भी रही है, तो महंगी कीमत पर मिल रही है । कुछ कम्पनियां एक बोरी खाद के साथ अन्य सामान किसान को जबरदस्ती दे रही हैं, जिनकी किसानों को जरूरत नहीं है ।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश है कि खाद की बढ़ती कीमतों को कंट्रोल में किया जाए और इसकी सब्सिडी दोबारा किसान को दी जाए ।